दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 02 मई 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### राम वनगमन पर्यटन परिपथ के संबंध में समीक्षा बैठक 9 मई को

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी 9 मई को शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रायगढ़ में राम गमन पर्यटन परिपथ एवं आजादी के 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव तथा गढ़कलेवा शेड निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के साइनेजेस/वेलकम गेट/केंटीलीवर के निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही गढ़कलेवा शेड निर्माण की प्रगति एवं आजादी के 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव अंतर्गत शेष कार्यक्रम-हमर धरोहर हमर गौरव, मेरा गांव मेरा धरोहर, हमर संस्कृति हमर विरासत एवं स्मृति वाटिका के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### माध्यमिक शाला बडेहरदी में कार्यरत चुडामणी को दी गई विदाई

**बीईओ दिनेश पटेल एवं सरपंच सहित कई सेवानिवृत्त शिक्षक हुए शामिल**



**रायगढ़।** शासकीय माध्यमिक शाला बडेहरदी विकासखण्ड पुसौर में कार्यरत चतुर्थ वर्ग कर्मचारी भृत्य पद पर कार्यरत चुडामणी गुप्ता का 30 अप्रैल 2023 को अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण करने पर शासकीय माध्यमिक शाला बडेहरदी में ग्रामवासी, शाला परिवार एवं संयुक्त संकुल पंचपारा के द्वारा ऐतिहासिक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चूड़ामणि गुप्ता लम्बे समय तक शिक्षा विभाग में अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया। अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण करने से संयुक्त संकुल पंचपारा एव शाला परिवार व ग्रामवासी द्वारा सम्मान समारोह सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चुडामणी गुप्ता एवं अध्यक्षता दिनेश पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधांशु साहू सरपंच ग्राम पंचायत बडेहरदी एवं सेवा निवृत्त शिक्षकों द्वारा किया गया।

### भारी मात्रा मे अवैध महुआ शराब पुलिस ने जप्त किया




**सारंगढबिलाईगढ़।** वरिष्ठ अधिकारी अति0पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं एस0डी0ओ0पी0 सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कुशल मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सरिया विजय गोपाल ने रेड पार्टी टीम तैयार कर मुखबिर के बताए अनुसार हमराह स्टॉफ के रवाना हुआ, ग्राम पीहरा के टार तालाब के पास कुछ व्यक्ति कच्ची महुआ शराब बना रहे थे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम दिनेश मिरी पिता समारु मिरी उम्र 28साल साकिन पीहरा थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ. ग.) दूसरा गणेश राम मिरी पिता समारु मिरी उम्र 27वर्ष साकिन पीहरा थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ. ग.) उक्त दोनों आरोपी के कब्जे से 100-100लीटर कच्ची महुआ शराब 50-50लीटर क्षमता वाली 4नग प्लास्टिक का डब्बा में 200लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 40,000 रुपया को दोनों आरोपियों के कब्जे से जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, कार्यवाही में प्र.आर.मंडलोई आर0विमल जांगड़े, सियाराम , महादेव , प्यारे लाल कि सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर के निर्देश पर सुशीला के आवेदन का हुआ तत्काल निराकरण, मौके पर मिला धान एवं बोनस की राशि

- उत्तर कुमार के हुनर को देख कलेक्टर ने लोन दिलाने के दिए निर्देश
- मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 67 आवेदक पहुंचे थे जनचौपाल में
- कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टोरेट में आयोजित जनचौपाल में आज ग्राम सराईपाली निवासी सुशीला धान विक्रय की अप्राप्त राशि के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि पति के आकस्मिक मृत्यु तथा धान एवं बोनस की राशि नहीं मिलने से आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अपेक्स बैंक अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। अधिकारी द्वारा जांच उपरांत बताया गया कि त्रुटिवश अन्य खाते में उक्त राशि जमा हो गयी थी। जिसका तत्काल निराकरण करते हुए अपेक्स बैंक अधिकारी द्वारा धान विक्रय एवं बोनस की राशि सुशीला के पति के एकाउंट में ट्रांसफर किया गया।

आयोजित जनचौपाल नेतनागर निवासी उत्तर कुमार बसोड़ अपने द्वारा बनाए बांस के गुलदस्ता और टोकरी कलेक्टर सिन्हा को भेंट किया, उनके बनाए टोकरी एवं गुलदस्ता को देख कलेक्टर सिन्हा ने उनके हुनर की तारीफ की और उन्हे ईनाम भी दिया। इस दौरान उन्होंने बताया की वे बसोड़ है, पूरा परिवार यही कार्य करता है, जिससे अच्छी आय अर्जित हो जाती है। उन्होंने बताया की आर्थिक सहायता मिलने से औजार खरीद सकते है, जिससे उनका परिवार और बेहतर कार्य कर सकता है, उनके हुनर एवं कार्यों को देखते कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में ही संबधित अधिकारियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए, लोन प्रदाय करने के निर्देश दिए।

जनचौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। आज आयोजित जन चौपाल में लगभग 67 आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं, मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। रामभाठा रायगढ़ निवासी गौरी श्रीवास अपने बेटे के ईलाज में हो रहे खर्च में आर्थिक मदद के लिए जनचौपाल में पहुंची थी। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि वह मजदूरी कर जीवन-यापन कर रही है, उनके बेटे के शरीर में रक्त नही बनता। रक्त के लिए रक्त दान अथवा स्वयं से खर्च करना पड़ रहा है, उन्होंने बताया कि पुणे के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में इलाज संभव बताया गया है, जहां काफी खर्च होगा, उन्होंने कलेक्टर से इलाज में आर्थिक मदद के लिए निवेदन की। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ को इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार रायगढ़ कौहाकुण्डा निवासी साहेब राम सिदार श्रवण यंत्र की मांग हेतु आवेदन लेकर जनचौपाल में आए थे, उन्होंने बताया उन्हे सुनाई नही देने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। परसदा के ग्रामीणों ने किरोड़ीमल नगर में स्थित शासकीय भूमि में अवैध कब्जा की शिकायत लेकर जन चौपाल पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि शासकीय भूमि में गोठान के लिए नेपियर घास लगाया गया था, जहां वृक्षों को काट कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने तहसीलदार रायगढ़ को विधिवत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। खरसिया निवासी गरिमा राठौर एवं ग्राम हाटी निवासी संतोषी राठिया ने कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा अध्यापन अवधि बढ़ाने पैसे की मांग की शिकायत लेकर जनचौपाल पहुचे थे। उन्होने बताया कि आदर्श आवासीय एकलव्य विद्यालय बायसी धरमजयगढ़ में अतिथि शिक्षक में नियुक्ति हुई थी, जहां उनके द्वारा बेहतर ढंग से अध्यापन कराया गया था। उन्होंने बताया की रकम नही देने पर उन्हे 2023-24 में नियुक्ति नहीं दी गई। उन्होंने संबंधित ऑपरेटर पर कार्यवाही करते हुए अध्यापन कार्य का मौका देने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने शिकायत पर संबधित अधिकारी को तत्काल जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज आयोजित जन चौपाल में पेंशन, राशन, आवास, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, पेंशन, राशन आदि के आवेदन भी आए हुए थे, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाकू लहराकर लोगों को डरा रहे तीन युवक पकड़ाए



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में अलग अलग स्थानों में चाकू लहराकर आम लोगों को डरा रहे तीन आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित एमएमआई अस्पताल के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगो को डरा रहा है। जिस पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने गोलू साहू पिता राधेश्याम साहू उम्र 24 साल निवासी एमएमआई अस्पताल के सामने लालपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें धारदार चाकू जप्त किया।

वहीं दूसरे मामले में ऐसे ही सूचना पर पुलिस ने थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत शुभम के-मार्ट के सामने पुराना धमतरी रोड के पास धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी मोहम्मद सादिक उर्फ मोना पिता मोहम्मद युनूस उम्र 28 साल निवासी गोकुल नगर नई बस्ती दुर्गा मंदिर के पास टिकरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें धारदार चाकू जप्त किया।

वहीं एक अन्य मामले में थाना आजाद चौक पुलिस ने सूचना मिलने पर थाना क्षेत्रांतर्गत सारथी चौक के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डरा रे आरोपी इद्दु खान पिता रफीक खान उम्र 30 साल निवासी ईदगाहभाठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें धारदार चाकू जप्त किया है। सभी मामलो में आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

## कलेक्टर ने श्रमिकों के साथ मनाया बोरे बासी तिहार

- बोरे बासी छत्तीसगढ़ में सिर्फ आहार नही बल्कि लोक व्यवहार है-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- दूर दराज से पहुंचे लोगों के साथ बैठकर कलेक्टर सिन्हा ने खाया बोरे बासी, दीं शुभकामनाएं



**रायगढ़।** सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में जनचौपाल का आयोजन होता है। इस बार का जनचौपाल 01 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर लगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस दिन को श्रम और श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने बोरे बासी डे के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में बोरे बासी का यह तिहार कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जनचौपाल में पहुंचे श्रमिकों के साथ उनके बीच बैठ बोरे बासी खाकर मनाया।

कलेक्टर सिन्हा ने इस मौके पर कहा यह श्रम को सम्मान देने श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रयास है। गांवों में मजदूर जब खेतों में काम करने जाते हैं तो पोषक तत्वों से भरपूर बोरे बासी खाकर जाते हैं। जिससे उन्हें दिनभर काम करने की ऊर्जा और गर्मी को सहने की शक्ति मिलती है। खेतों में काम कर रहे श्रमिक दोपहर में साथ बैठकर बोरे बासी खाते हैं और अपने दु:ख सुख बांटते हैं। छत्तीसगढ़ के खान-पान की संस्कृति का अभिन्न अंग बोरे बासी सिर्फ एक आहार नही है बल्कि यह लोक व्यवहार भी है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर शिव कंवर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ लोमस मिरी, नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

श्रमिकों को सम्मान देने कलेक्टर, एसपी एवं सीईओ ने मनाया बोरे-बासी तिहार

श्रमवीरों के सम्मान में आज मनाए जा रहे बोरे-बासी तिहार पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार और सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने बोरे बासी खाकर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया।

## एसआई बलदेव व एएसआई पुरन सिंह हुए सेवानिवृत्त

- पुलिस कार्यालय में दी गई भावभिनी विदाई



**रायगढ़।** जिला पुलिस बल रायगढ़ में कार्यरत उपनिरीक्षक बलदेव साय पैकरा और सहायक उपनिरीक्षक पुरन सिंह सिदार कल 30 अप्रैल 2023 को जिला पुलिस में सेवारत रहते हुए अपनी अधिवार्षिकीय आयु 62 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए हैं जिन्हें आज पुलिस कार्यालय में ससम्मान विदाई दी गई है।

एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को लंबी सेवा के लिये विभाग की ओर से आभार प्रकट कर स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे विभागीय एवं निजी कार्यों में किसी प्रकार की सहायता पर संपर्क करने कहा गया। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के परिवारजन भी सेवा सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों द्वारा सेवानिवृत्तों को पुष्प गुच्छ देकर दीर्घायु की शुभकामनाएं दी गई।

**सेवानिवृत्त अधिकारियों का संक्षिप्त परिचय-** उपनिरीक्षक बलदेव साय पैकरा वर्ष 1982 में मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए। पैकरा वर्ष 1995 में सरगुजा ट्रांसफर पर आए समय-समय पर विभागीय पदोन्नति पाकर वर्ष 2019 में उनका रायगढ़ हुआ। एसआई पैंकरा रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाने में लंबे समय तक सेवारत रहे तथा थाना प्रभारी कापू के पद पर भी अपनी सेवाएं दिये हैं। उपनिरीक्षक बलदेव साय पैकरा जिला जशपुर, थाना कांसाबेल के ग्राम सुजीबहार के रहने वाले हैं जो आगे ग्राम रजौटी में अपनी पत्नी व दो पुत्रियों के साथ जीवन व्यतीत करना बताए हैं। वही सेवानिवृत्त हो रहे सहायक उपनिरीक्षक पुरन सिंह सिदार रायगढ़ जिले के ग्राम टेका के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे राजीव नगर कोतरारोड में अपना मकान बनाकर निवासरत हैं।

उनके परिवार में उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। सहायक उपनिरीक्षक पुरन सिंह सिदार वर्ष 1981 में आरक्षक के पद पर रायगढ़ जिले में भर्ती होकर सेवारत रहे तथा लंबे समय तक ट्रैफिक थाना में सेवारत रहे हैं। दोनों ही पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति बेहद ईमानदार और निष्ठावान रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में अतिशीघ्र बड़े पैमाने शासकीय पदों पर होंगी भर्तियां : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा निर्णय

- मुख्यमंत्री निवास में हुई उच्च स्तरीय बैठक



**रायपुर (आरएनएस)।** सोमवार देर शाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण मामले में दिये निर्णय के परिपेक्ष्य में अपने निवास कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी शासकीय भर्तियां मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा मुख्य सचिव को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव, डीजीपी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में 58 प्रतिशत आरक्षण पर लगी रोक हटने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने सोमवार को देर शाम अपने निवास पर एक हाई लेवल मीटिंग ली. इसमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, पीएससी के चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और सीएम के सचिव अंकित आनंद मौजूद थे. सीएम भूपेश बघेल ने अधिकारियों को बड़े पैमाने पर सरकारी पदों में भर्तियां करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने मिशन मोड पर भर्तियों को पूरा करने के निर्देश दिए. साथ ही, मुख्य सचिव को इस संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के हित में कृत संकल्पित है।

बता दें सितंबर 2022 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 58 प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए रोक लगा दी थी. इसके बाद राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 76 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर संशोधन विधेयक पारित कराया. इसे अब तक राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी है। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण बड़े पैमाने पर भर्तियां रुक गई थीं। सोमवार को जब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए रोक हटाई तो सीएम ने तत्काल सभी अफसरों को बुलाया और भर्तियां शुरू करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने दो महिला श्रमिकों को वितरित किए ई-रिक्शा

- श्रम दिवस के मौके पर स्टॉल लगा कर दी गई योजनाओं की जानकारी



**रायपुर (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दो महिला हितग्राहियों को ई-रिक्शा वितरित किए, इनमें राधिका देवांगन लाखे नगर एवं वैष्णवी सिंदूर शामिल हैं। निर्माण श्रमिक ई रिक्शा सहायता योजना के तहत निर्माण महिला श्रमिकों को यह रिक्शा प्रदान किया गया है। इस योजना में एक लाख रुपये का अनुदान शामिल है। इस मौके पर श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक मोहन मरकाम, पूर्व सांसद नंदकुमार साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

साइंस कॉलेज मैदान में श्रम विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई इनमें मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता योजना, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य समाजिक सुरक्षा मंडल एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। इसके जरिए श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओ एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

## श्रमिकों ने मुख्यमंत्री के साथ बैठकर लिया बोरे-बासी का स्वाद

- श्रमिकों ने कहा - जीवन का सबसे यादगार दिन, छत्तीसगढ़िया श्रमिक संस्कृति को विश्वभर में दिलाई पहचान
- मुखिया से सम्मानित होकर अभिभूत हुए श्रमिक बोले - छत्तीसगढ़ सरकार श्रमिक हितैषी



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ आज बोरे-बासी खाने वाले श्रमिकों ने बताया कि यह उनके जीवन का यादगार दिन है। प्रदेश के मुखिया ने श्रम और श्रमिकों को सम्मान देकर इस दिन को चिरस्मरणीय बना दिया है। बोरे बासी तिहार में शामिल होने आए श्रमिक तुलसीराम सिन्हा ने बताया कि बोरे-बासी जीवन का अभिन्न हिस्सा है और मजदूर के जीवन की कल्पना इसके बिना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि श्रमिक हितैषी मुख्यमंत्री ने इस दिन को खास बनाया और बोरे-बासी को वैश्विक पहचान दिलाई। बोरे-बासी अब केवल मजदूर का भोजन नहीं है बल्कि अब सभी वर्गों के लोग इसे बड़े चाव से खाते है। इसके पौष्टिक गुणों को दुनिया जानने लगी है।

इसी प्रकार श्रमिक संतोषी पाल ने भी प्रदेश के मुखिया के साथ बोरे-बासी का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि मजदूरों के लिए बोरे-बासी सभी मामलों में बहुत किफायती होने के साथ ही अत्यंत पौष्टिक आहार है। रात को भिगाओ और यह सुबह तैयार मिलता है। मजदूर को सुबह जल्दी काम में जाना पड़ता है, ऐसे में बासी अच्छा विकल्प है,जो थोड़े ही प्रयास में बन जाता है। मजदूर के जेब पर भी यह भारी नहीं पड़ता है और इसे आचार, चटनी के साथ आसानी से खाया जा सकता है।

बोरे-बासी तिहार में पहुंचे श्रमिक परमेश्वर सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की छत्तीसगढिय़ा संस्कृति ने अपने वास्तविक गौरव को पाया है। श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे-बासी तिहार भी छत्तीसगढिय़ा संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सभी मजदूर खुश हैं। बोरे-बासी का महत्व एक मजदूर सहज ही समझ सकता है। शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ पानी की कमी को दूर करता है और स्वास्थ्य पर पडऩे वाले असर बहुत सकारात्मक है।

**सोशल मीडिया में हमर बोरे बासी की मची धूम-** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर आज छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग के लोगों ने बोरे-बासी खाकर श्रम का उत्सव मनाया। इस बोरे-बासी तिहार पर लोगों ने बोरे-बासी खाते हुए तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इस दौरान लोगों के उत्साह और सक्रिय सहभागिता के चलते हैशटैग दूसरे नंबर पर ट्रेंड करता रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480